प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

01 जून 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय उद्योग में विदेशी सहयोग पर सर्वेक्षण का 14वां दौर शुरू किया

भारतीय रिज़र्व बैंक 1965 से भारतीय उद्योग में विदेशी सहयोग पर सर्वेक्षण कर रहा है। 2021-22 और 2022-23 के संदर्भ अवधि के रूप में सर्वेक्षण का 14वां दौर अब शुरू किया गया है।

यह सर्वेक्षण विदेशी तकनीकी सहयोग वाली भारतीय कंपनियों के परिचालन पर प्रदर्शन संकेतकों (उत्पादन, निर्यात, आयात, सामग्री की लागत, आदि) के साथ-साथ प्रौद्योगिकी अंतरण करार की महत्वपूर्ण विशेषताओं (अर्थात्, प्रकृति, अवधि, भुगतान की विधि, निर्यात प्रतिबंध, विशेषाधिकार प्रावधान, करारों की समाप्ति के बाद प्रौद्योगिकी का उपयोग, आदि) के संदर्भ में जानकारी एकत्र करता है।

इस सर्वेक्षण की अनुसूची को विदेशी कंपनियों के साथ तकनीकी सहयोग रखने वाली भारतीय कंपनियों द्वारा भरा जाना आवश्यक है। सर्वेक्षण अनुसूची का सॉफ्ट फॉर्म (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में - जिनमें से एक का उपयोग किया जा सकता है) भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर शीर्ष 'विनियामक रिपोर्टिंग' -> 'रिटर्न की सूची' -> 'FCS - सर्वेक्षण अनुसूची' के तहत [या शीर्ष 'फ़ॉर्म' के अंतर्गत (होम पेज के नीचे 'अन्य लिंक' के तहत उपलब्ध) और उप-शीर्ष 'Survey'] के अंतर्गत उपलब्ध है, जिसे विधिवत भरकर **15 जुलाई, 2023** तक ई-मेल पर प्रेषित किया जा सकता है।

इससे संबंधित अनुदेश अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न में दिए गए हैं और किसी भी प्रकार के प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए कृपया निम्नलिखित पते पर हमसे संपर्क करें:

निदेशक,
अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग (डीएसआईएम),
भारतीय रिज़र्व बैंक,
सी-9, 5वीं मंजिल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/318